# BULANDSHAHRPOLICE

**दिनांक 12 मार्च 2023** **थाना गुलावठी**

## चोरी की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्त चोरी की ट्राली, अवैध असलहा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 11-03-2023 की रात्रि में थाना गुलावठी पुलिस द्वारा एक अभिसूचना पर ग्राम नत्थूगढी के सामने हाईवे से 02 शातिर चोरो को चोरी की ट्राली, घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर व अवैध असलहा, कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना गुलावठी पर मुअसं- 104/23 धारा 379,411 भादवि व 3/4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-**

1- शमशाद पुत्र हसमत निवासी भमैडा थाना बाबूगढ जनपद हापुड।

2- इकरार पुत्र इसरार निवासी देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड।

**बरामदगी-**

1- चोरी की गयी 01 ट्राली

2- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस

3- 01 चाकू

4- 01 ट्रैक्टर स्वराज(घटना में प्रयुक्त)

उल्लेखनीय हैं कि अभियुक्तों द्वारा दिनांक 10-03-2023 की रात्रि में थाना गुलावठी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम देवली से गन्ने से भरी ट्राली को चोरी किया गया था तथा गन्ने को भोजपुर के पास बेचकर रुपये आपस में बांट लिये थे।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

1. श्री जितेन्द्र कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना गुलावठी।
2. उ0नि0 राजकुमार
3. है0का0 कुशल तेवतिया, है0का0 माइकल बैसला, है0का0 नरेन्द्र कुमार, हैं0का0 मोहित मलिक, है0का0 दिनेश तोमर

**मीडिया सैल बुलन्दशहर**